Prepp
Your Personal Exams Guide

हिन्दी साहित्य

निर्धारित समय : 3 घण्टे **अधिकतम अंक : 200**

निर्देश :

(i) प्रस्तुत प्रश्नपत्र में कुल आठ प्रश्न हैं, जो दो खण्डों में विभाजित हैं।

(ii) प्रतिभागी को कुल पांच (5) **प्रश्नों** के उत्तर देने हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य है तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम से कम एक प्रश्न चुनकर तीन प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) सभी प्रश्नों के अंक सामान हैं।

(v) प्रत्येक प्रश्न के अनुभागों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।

खण्ड - एक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
प्रत्येक प्रश्न के उत्तर 150 शब्दों में दें। **5X8=40 अंक**

(i) मध्यकालीन अवधि के साहित्यिक अवदान को स्पष्ट कीजिए। (8)

(ii) उन्नीसवीं शताब्दी की खड़ीबोली एवं नागरी लिपि के विकास पर प्रकाश डालिए। (8)

(iii) हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि के मानकीकरण को समझाइए। (8)

(iv) वैज्ञानिक एवं तकनीकी हिन्दी भाषा के विकास की चर्चा कीजिए। (8)

(v) मानक हिन्दी के व्याकरणिक स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। (8)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 350 शब्दों में दें।

(i) आदिकाल के साहित्यिक वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए। (10)

(ii) तुलसीदास के रामराज्य के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। (15)

(iii) भारतेन्दु हरिचन्द्र की राष्ट्रीयता का स्वरूप समझाइए। (15)

Prepp
Your Personal Exams Guide

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 350 शब्दों में दीजिए ।

(i) स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास-लेखन में **फणीश्वरनाथ** 'रेणु' के योगदान की चर्चा कीजिए। (10)

(ii) स्वतंत्रता-पूर्व की हिन्दी कहानी के विकास पर प्रकाश डालिए। (15)

(iii) स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी रंगमंच के विकास की चर्चा कीजिए। (15)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 350 शब्दों में लिखिए ।

(i) नई आलोचना की मुख्य स्थापनाएँ समझाइए। (10)

(ii) प्रगतिवादी आलोचक रामविलास शर्मा के योगदान की चर्चा कीजिए। (15)

(iii) हिन्दी यात्रा वृतांत के विकास पर प्रकाश डालिए। (15)

खण्ड – दो

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक न हो। **5 x 8 = अंक**

(i) कबीर के प्रेम-निरूपण पर प्रकाश डालिए। (8)

(ii) ' भ्रमरगीत ' के आधार पर सूरदास की गीत-योजना की चर्चा कीजिए। (8)

(iii) ' कवितावली ' के उत्तरकाण्ड में कलि काल-वर्णन पर प्रकाश डालिए। (8)

(iv) 'पद्मावत' के आधार पर सिंघल द्वीप -वर्णन की विशेषता को स्पष्ट कीजिए। (8)

(v) ' बिहारी रत्नाकर ' के निर्धारित अंश के आधार पर बिहारी के काव्य-कौशल पर प्रकाश डालिए। (8)

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 350 शब्दों में अपेक्षित हैं।

(i) भारतीय पुनर्जागरण में, 'भारत-भारती' के महत्त्व को समझाइए। (10)

(ii) ' श्रद्धा ' संग के आधार पर श्रद्धा के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (15)

(iii) ' असाध्य वीणा ' के काव्यगत सौंदर्य पर प्रकाश डालिए। (15)

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 350 शब्दों में लिखिए।

(i) ' गोदान ' उपन्यास के परिप्रेक्ष्य में होरी और धनिया के जीवन-संघर्ष को समझाइए। (10)

(ii) ' आँचलिक ' उपन्यास के रूप में ' मैला आँचल ' के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। (15)

(iii) ' महाभोज' उपन्यास की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए। (15)

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 350 शब्दों में अपेक्षित है।

(i) **फणीश्वरनाथ** ' रेणु' कृत ' तीसरी कसम' कहानी के हीरामन का चरित्र-चित्रण कीजिए। (10)

(ii) ' भारत-दुर्दशा ' नाटक का मूल कथानक समझाइए। (15)

(iii) ' स्कंदगुप्त' नाटक में इतिहास और कल्पना के संयोजन पर विचार कीजिए। (15)